# 13

# SSC GD 2024


## DATE : 23-02-2024

## (SHIFT- 9:00 am to 10:00 am)

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** नीचे दिए गए दो चिह्नों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही होगा?
× और ÷
I. 5 + 6 × 2 – 4 ÷ 1 = 10
II. 9 × 3 – 4 ÷ 2 + 5 = 4
(1) न तो I और न ही II
(2) I और II दोनों
(3) केवल II
(4) केवल I


**2.** दी गई विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है)




(1) 
(2) 
(3) 
(4) 

**3.** नीचे दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिससे प्रश्न आकृति छिपी/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है)



(1) 
(2) 
(3) 
(4) 

**4.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
64, 72, 45, 100, –16, ?
(1) 205 (2) 200
(3) 208 (4) 180

**5.** यदि 'R × S' का अर्थ है R, S की बहन है।
यदि 'R + S' का अर्थ है R, S का भाई है।
यदि 'R ÷ S' का अर्थ है R, S की बेटी है।
यदि 'R – S' का अर्थ है R, S का पति है।
व्यंजक 'H – F × I ÷ J' में, H का J से क्या संबंध है?
(1) बेटा
(2) बेटी का पति
(3) बहन का पति
(4) पिता


**6.** छः व्यक्ति P1, P2, P3, P4, P5 और P6 एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P2 और P6 के बीच में किसी भी तरफ से केवल दो ही व्यक्ति बैठे हैं। P2 और P4 के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। P5, P3 के ठीक दाईं ओर बैठा है। P1, P6 के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। P1 के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?
(1) P2 (2) P5
(3) P4 (4) P6

**7.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन :
I. सभी बिल्लियाँ, स्तनधारी हैं।
II. सभी स्तनधारी, जानवर है।
III. सभी जानवर, जीवित प्राणी हैं।
निष्कर्ष :
I. कुछ बिल्लियाँ, जीवित प्राणी हैं।
II. सभी जीवित प्राणी, बिल्लियाँ हैं।
(1) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(2) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(3) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(4) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**8.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।
ER : ET :: ?
(1) EZ : AV (2) SX : SZ
(3) WK : GR (4) OG : KC

**9.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PAGES' को '192' लिखा जाता है, 'ABOVE' को '180' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PRIOR' को कैसे लिखा जाएगा?
(1) 312 (2) 304 (3) 308 (4) 296

**10.** नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई है। 'M' वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर आएगा?




(1) Q (2) T (3) R (4) P

**11.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
451, 472, 493, 514, ?, 556
(1) 530 (2) 535
(3) 538 (4) 534

**12.** यदि 67 L 50 M 15 N 6 = 27 और 100 L 50 M 13 N 5 = 85 है, तो 6 L 8 M 4 N 3 = ?
(1) 2 (2) 5 (3) 8 (4) 7


**13.** आठ व्यक्ति रीना, किरण, राहुल, दीपक, अमित, विकास, प्रीति और प्रिया एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि दो व्यक्ति प्रत्येक भुजाओं पर बैठे हैं। सभी व्यक्ति मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। रीना, अमित के ठीक दाईं ओर बैठी है और वे दोनों एक ही तरफ बैठे हैं। प्रीति उस व्यक्ति की तरफ मुख करके बैठी है जो किरण बाईं ओर से दूसरे स्थान पर है। प्रीति, रीना के दाईं ओर से चौथे स्थान पर बैठी है। विकास और दीपक के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं (केवल एक तरफ से गिनने पर) और दीपक, अमित के बगल में बैठा है। प्रीति और राहुल के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है (केवल एक तरफ से गिनने पर)। दीपक के ठीक बाईं

ओर कौन बैठा/बैठी है?
(1) राहुल (2) किरण
(3) विकास (4) प्रिया

**14.** निम्नलिखित अक्षर समूहों में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखेन जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?
ee_fgghheeffgg_heeffgghheeff_ _hh
(1) fhgg (2) ggfh
(3) efgh (4) eeff

**15.** दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।
1. Change
2. Chance
3. Channal
4. Chant
5. Chancellor
(1) 2, 3, 1, 4, 5
(2) 2, 5, 1, 4, 3
(3) 2, 5, 1, 3, 4
(4) 2, 3, 1, 5, 4

**16.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जासकता है।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**17.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्पा का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
MQRT, JNOQ, GKLN, DHIK, ?
(1) ANRS (2) AEFH
(3) ANTS (4) AMRQ

**18.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिस प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**19.** एक निश्चित कूट भाषा में 'LAST' को 'PFWY' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MEAN' को कैसे लिखा जाएगा?
(1) QJET (2) QJES
(3) QJFT (4) QKES

**20.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन कीजिए।
BO : AM :: CP : ?
(1) YX (2) AS
(3) HI (4) BN

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** भारत में वित्तीय वर्ष ____ से लिया जाता है।
(1) 1 अक्टूबर से 30 सितंबर तक
(2) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
(3) 1 जुलाई से 30 जून तक
(4) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक

**22.** कुडनकुलम नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थापित किया गया है?
(1) मध्य प्रदेश (2) केरल
(3) तमिलनाडु (4) बिहार

**23.** वेदों में सबसे पुराना वेद ऋग्वेद है, जिसकी रचना लगभग ____ वर्ष पहले हुई थी।
(1) 2500 (2) 5000
(3) 3500 (4) 2000

**24.** फ़टोरपा जात्रा (Fatorpa Zatra) और मांडो (Mando) उत्सव का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(1) कर्नाटक (2) मध्य प्रदेश
(3) केरल (4) गोवा

**25.** साइखोम मीराबाई चानू एक ____ है।
(1) भारतीय भारोत्तोलक
(2) भारतीय पहलवान
(3) भारतीय मुक्केबाज
(4) भारतीय साइकिल चालक

**26.** अगस्त 2023 में नीरज चोपड़ा ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में _____ पदक जीतकर इतिहास रच दिया।
(1) स्वर्ण (2) कांस्य
(3) रजत (4) दो

**27.** किस प्रकार के शूटिंग खेल में एथलीटर 10 मीटर और 50 मीटर की दूरी से लक्ष्य पर निशाना साधते हैं?
(1) स्कीट शूटिंग
(2) तीरंदाजी
(3) राइफल शूटिंग
(4) बैथलॉन

**28.** जन औषधि ट्रेन को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वकर मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और रेल, संचार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कब हरी झंडी दिखाई थी?
(1) 2021 में (2) 2022 में
(3) 2033 में (4) 2020 में

**29.** अनुच्छेद 43 : राज्य ग्रामों में वैयक्तिक या सहकारी आधार पर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा, यह _____ सिद्धांतों पर आधारित एक निदेशक है।
(1) समाजवादी (2) गांधीवादी
(3) उदारवादी (4) बौद्धिक

**30.** भारत की निम्नलिखित में से किस देश के साथ खुली सीमा है?
(1) पाकिस्तान (2) चीन
(3) म्यांमार (4) नेपाल

**31.** भारतीय संविधान का अनुच्छेद ____ मौलिक अधिकारों को लागू करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय को व्यापक मूल अधिकार क्षेत्र देता है।
(1) 31 (2) 13 (3) 32 (4) 226

**32.** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या 121.1 करोड़ थी जिसमें _____ महिला जनसंख्या थी।
(1) 44.5 प्रतिशत (2) 46.5 प्रतिशत
(3) 42.5 प्रतिशत (4) 48.5 प्रतिशत

**33.** रिकी केज ने अपना तीसरा ग्रैमी पुरस्कार निम्नलिखित में से किस एल्बम के लिए जीता?
(1) डिवाइन टाइड्स
(2) नेचर्स सिम्फनी
(3) हार्मोनी ऑफ एलिमेंट्स
(4) मेलोडिस ऑफ द यूनिवर्स

**34.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद का संबंध 'धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार' से है?
(1) अनुच्छेद 30-35
(2) अनुच्छेद 60-65
(3) अनुच्छेद 25-28
(4) अनुच्छेद 21-24

**35.** 2011 में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप (ODI Cricket World Cup) की मेजबानी किसने की थी?
(1) भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश

(2) ऑस्ट्रेलिया
(3) केवल श्रीलंका, बांग्लादेश
(4) केवल भारत

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सी गैस, ठंडी और संपीड़ित होने पर, गैस से अतिक्रांतिक तरल अवस्था में बदल सकती है?
(1) कार्बन डाइऑक्साइड
(2) हाइड्रोजन
(3) भाप
(4) ऑक्सीजन

**37.** _____ नृत्य शैली की उत्पत्ति दक्षिणी भारतीय राज्य केरल से हुई है।
(1) केवल कुचिपुड़ी
(2) केवल कथक
(3) केवल मोहिनीअट्टम
(4) कथकली और मोहिनीअट्टम

**38.** अंतर्मुखी व्यापार रणनीति में घरेलू उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए उपयोग की जाने वाली सुरक्षा के दो मुख्य रूप क्या है?
(1) कोटा और सब्सिडी
(2) प्रशुल्क और कोटा
(3) प्रशुल्क और मूल्य नियंत्रण
(4) प्रशुल्क और सब्सिडी

**39.** क्रिप्स मिशन (Cripps Mission) भारत में किस वर्ष आया?
(1) 1942 (2) 1932
(3) 1952 (4) 1922

**40.** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 ने राष्ट्रीय राजधानी सिविल प्राधिकरण की स्थापना की, जिसमें मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव और _____ शामिल है।
(1) दिल्ली के शिक्षा मंत्री
(2) भारत के कैबिनेट सचिव
(3) भारत के राजस्व सचिव
(4) दिल्ली के प्रधान गृह सचिव

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** [36 – (48 × 7 ÷ 16) – (19 + 3 – 24)] का मान क्या है?
(1) 15 (2) 11
(3) 17 (4) 13

**42.** 555 + 44 × 2 ÷ 11 – 25 × 3 का मान क्या है?
(1) 498 (2) 468
(3) 488 (4) 458

**43.** यदि x : y = 7 : 2 है, तो (7x + 4y) : (7x – 4y) का मान कितना है?
(1) 40 : 31
(2) 54 : 43
(3) 57 : 41
(4) 39 : 29

**44.** रिया 25% का लाभ अर्जित करते हुए, 35000 में एक लैपटॉप बेचती है। यदि वह 30% का लाभ अर्जित करना चाहती थी, तो उसे लैपटॉप किस मूल्य पर बेचना चाहिए था?
(1) ₹38400 (2) ₹37200
(3) ₹34600 (4) ₹36400

**45.** यदि एक संख्या R1 दूसरी संख्या R2 से 13 प्रतिशत कम है, और R2, 5600 से 50 प्रतिशत अधिक है, तो R1 का मान कितना है?
(1) 7010 (2) 7510
(3) 7308 (4) 7101

**46.** एक वस्तु का अंकित मूल्य 9600 रुपए है और इसका विक्रय मूल्य 6336 रुपए है। छूट प्रतिशत कितना है?
(1) 34 प्रतिशत (2) 30 प्रतिशत
(3) 38 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**47.** जॉन ने एक बैंक खाते में $1200 जमा किए। 4 वर्षों के बाद, उस खाते में कुल धनराशि पर साधारण ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।
(1) 5.13% (2) 6.23%
(3) 5.83% (4) 4.17%

**48.** एक निश्चित संख्या में 10 प्रतिशत घटाने पर और फिर शेषफल में से 70 प्रतिशत घटाने पर 1188 शेष बचता है। वह संख्या कितनी थी?
(1) 5500 (2) 4400
(3) 3300 (4) 2200

**49.** मोहन 4000 रुपए में एक पुराना मोबाइल खरीदता है और उसकी मरम्मत पर 500 रुपए खर्च करता है। यदि वह मोबाइल को 5000 रुपए में बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना है?
(1) 11.11 प्रतिशत (2) 12.5 प्रतिशत
(3) 9.09 प्रतिशत (4) 13.5 प्रतिशत

**50.** $\frac{9}{4}, \frac{21}{10}, \frac{63}{20}$ का लघुत्तम समवर्त्य ज्ञात कीजिए।
(1) $\frac{85}{7}$ (2) $\frac{21}{2}$
(3) $\frac{2}{63}$ (4) $\frac{63}{2}$

**51.** एक वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 25 प्रतिशत अधिक है। दुकानदार अपनी वस्तु को लाभ पर बेचने के लिए अधिकतम कितने प्रतिशत की छूट दे सकता है?
(1) 25 प्रतिशत (2) 12.5 प्रतिशत
(3) 16.67 प्रतिशत (4) 20 प्रतिशत

**52.** छात्रों के एक समूह का औसत भार 44 किग्रा है। 40 किग्रा भार वाला एक छात्र समूह छोड़ देता है और उसके स्थान पर 34 किग्रा भार वाला दूसरा छात्र समूह में शामिल हो जाता है। यदि समूह का नया औसत भार 43.4 किग्रा हो जाता है, तो समूह में कितने छात्र हैं?
(1) 13 (2) 14
(3) 10 (4) 12

**53.** 28 संख्याओं का औसत 110 है। यदि हम प्रत्येक संख्या में एक संख्या 'B' जोड़ते है, तो औसत 128 हो जाता है। B का मान कितना है?
(1) 24 (2) 14
(3) 18 (4) 12

**54.** M अकेले एक काम को 14 दिनों में पूरा कर सकता है और M2 अकेले उसी काम को 70 दिनों में पूरा कर सकता है। M3 की सहायता से वे उसी काम को 7 दिनों में पूरा करते हैं। M3 अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(1) 19 दिन (2) 21 दिन
(3) 17.5 दिन (4) 20 दिन

**55.** 15 सेमी त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर 15 सेमी आधार व्यास वाले एक शंकु में ढाला जाता है। शंकु की ऊंचाई कितनी है?
(1) 186 सेमी (2) 240 सेमी
(3) 284 सेमी (4) 212 सेमी

**56.** यदि x = 2 तो 4x, x + 4, 3x – 1 का चतुर्थ समानुपाती ज्ञात कीजिए।
(1) $\frac{11}{4}$ (2) $\frac{14}{4}$
(3) $\frac{15}{4}$ (4) $\frac{21}{4}$

**57.** दो रेलगाड़ियाँ, एक 390 मीटर और दूसरी 250 मीटर लंबी, समांतर पटरियों पर क्रमश: 78 किमी/घंटा और 66 किमी/घंटा की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?
(1) 16 सेकण्ड (2) 30 सेकण्ड
(3) 24 सेकण्ड (4) 36 सेकण्ड

**58.** P एक काम को 14 दिनों में पूरा कर सकता है। 4 दिनों में P द्वारा कुल काम का कितना भाग पूरा किया जा सकता है?

(1) $\frac{2}{7}$ (2) $\frac{3}{8}$

(3) $\frac{6}{7}$ (4) $\frac{4}{9}$

**59.** एक व्यक्ति ने 30 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 15000 रुपए ऋण पर लिए। यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो 1 वर्ष के बाद भुगतान की जाने वाली धनराशि कितनी होगी?

(1) 17482.5 रुपए
(2) 18282.5 रुपए
(3) 19837.5 रुपए
(4) 20428.5 रुपए

**60.** 70 मी$^2$, 84 मी$^2$ और 112 मी$^2$ क्षेत्रफल वाले तीन आयताकार मैदानों को समान आयताकार फूलों की क्यारियों में बांटा जाना है, जिनमें से प्रत्येक की लंबाई 7 मी है। प्रत्येक फूलों की क्यारी की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

(1) 4 मी (2) 3 मी
(3) 2 मी (4) 6 मी

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
My father was very distant, but I suppose all men of his generation ____ .

(1) there
(2) were
(3) was
(4) would

**62.** Select the most appropriate word to fill in the blank.

(1) Sensational and often reckless reports in the press threten the fairness of a trial.
(2) Sensational and ofen reckless reports in the press threaten the fairness of a trial.
(3) Sensational and often reckless reports in the press threaten the fairness of a trial.
(4) Sensational and often reckless reports in the press threaten the faineess of a trial.

**63.** Choose the option which is antonym of (opposite of) the word "disseminate" in the sentence given below:
He tried to conceal his excitement, but the sparkle in his eyes gave away the joy he felt at the surprise.

(1) felt (2) sparkle
(3) gave (4) conceal

**64.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
All the boys of this band are **similar in many ways**.

(1) Birds of a feather
(2) Eats like a bird
(3) Flocking birds
(4) A piece of cake

**65.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.
I would <u>complain to my</u> grandfather about him.

(1) complains to my
(2) No improvement
(3) complaining to my
(4) complained to my

**66.** Four sentences are given, out of which three have all correct spellings. Choose the sentence with the incorrect spelt word/ words.

(1) But Campion's sensitivity realized it and he changed the subject rather suddenly.
(2) He was wepping hard and quietly and shaking in the same parts as a wepping woman.
(3) The judge and the widow went to law to get the court to take me away from him and let one of them be my guardian.
(4) But Tommy is a watch-dog about the Divers.

**67.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Many students fails to understand the complexities of life.

(1) complexities of life.
(2) No error
(3) to understand the
(4) Many students fails

**68.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase.
To put somebody to sword

(1) To deceive someone
(2) To be well-informed or up-to-date
(3) To slay or execute someone
(4) To give challenge

**69.** Improve the underlined part of the sentence. Choose "No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
She plans to meet him at the airport.

(1) No improvement
(2) meet himself
(3) met him
(4) meets him

**70.** The sentence has been divided into three parts, identify the error segment in the sentence given below. Choose no error if there is no error in the sentence.
Her performance in the second round of the/ competition was even most impressive/ than her outstanding debut in the first round.

(1) no error
(2) competition was even most impressive
(3) than her outstanding debut in the first round.
(4) Her performance in the second round of the

**71.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
There are ____ techniques you can use to cope and overcome it.

(1) very
(2) many
(3) so
(4) much

**72.** Select the most appropriate synonym of the given word.
Cognitive

(1) Private
(2) Perceivable
(3) Obscure
(4) Latent

**73.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
Raw cut leather coats, and ruffles in all shapes and sizes provided a **delicate** edge.
(1) crude (2) laborious
(3) attractive (4) petite

**74.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error'.
Some bacterial cells on our hands may have genes that enabling them to be resistant to a given antibacterial agent.
(1) No error
(2) may have genes that enabling them
(3) Some bacterial cells on our hands
(4) to be resistant to a given antibacterial agent

**75.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Abuse
(1) Fester (2) Flowery
(3) Applause (4) Rebuke

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.
We should either have prepared ourselves to resist China (1) ____ to make concessions, including border adjustments. We did (2) ____. After 1956 we would not (3) ____ China's territorial claims and therefore accepted the possibility of a (4) ____. Unfortunately, we did not build up militarily to thwart China if she chose to use force to sustain her (5) ____ .

**76.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 1.
(1) or (2) may be
(3) nor (4) also

**77.** Select the most appropriate option to fill in the blank no. 2.
(1) pretty much
(2) not much
(3) neither
(4) either

**78.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 3.
(1) ridicule
(2) collapse
(3) offend
(4) concede

**79.** Select the most appropriate option to fill in the blank no. 4.
(1) harmony (2) burning out
(3) contract (4) clash

**80.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 5.
(1) claims (2) denial
(3) morality (4) dignify

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
नाक का बाल होना
(1) जिसे मजबूरन रखना पड़े
(2) समस्या हल न होना
(3) बहुत प्रिय होना
(4) सुरक्षा कवच होना

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
किसी व्यक्ति या सिद्धांत का समर्थन करने वाला
(1) अभ्यन्तर (2) अनुमोदन
(3) अधिवक्ता (4) अनुयायी

**63.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
बात करने से बड़े-बड़े मसले, अंतर्राष्ट्रीय समस्याएँ तक ____ हो जाती हैं।
(1) हल (2) बड़ी
(3) मुश्किल (4) विफल

**64.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
एक छण में तुमने सब तबाह कर दिया।
(1) तुमने (2) छण
(3) तबाह (4) कर

**65.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
पृथ्वी से निर्मित-
(1) पार्थीव (2) पार्थ
(3) पारतीव (4) पार्थिव

**66.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही अर्थ नहीं है।
वहाँ उपस्थित सभी व्यक्ति इस सुंदर सी वस्तु को पानी के लिए (आकुल) ____ थे।
(1) उद्विग्न् (2) अधीर
(3) विक्षुब्ध (4) कशिश

**67.** दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
इनका तो जन्मों-जनमो का साथ है।
(1) जन्मों (2) जनमो
(3) साथ (4) इनका

**68.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
यह सारा सामान गरीमा ने अग्नि को <u>अर्पण</u> कर दिया।
(1) नकली (2) कुलटा
(3) सुगम (4) ग्रहण

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
आजकल की पीढ़ी लगातार कुछ न कुछ नया सीखने की (आतुर) ____ रहती है।
(1) इच्छुक (2) निवर्तन
(3) संकल्प (4) प्रभृति

**70.** दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
____ से मेरे कपड़े निकाल दो।
(1) आलपीन (2) फीता
(3) अलमारी (4) तम्बाकू

**71.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही जातिवाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
सड़क पर बहुत सी सुंदर-सुंदर ____ आती-जाती दिखाई दीं।
(1) गाड़ियाँ (2) पेड़
(3) घर (4) नदी

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।

बच्चों का मन बहुत ही (एकाग्र) _____ होता है।

(1) चंचल (2) कठोर
(3) कोमल (4) मलिन

**73.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
जिसकी कोई रक्षा नहीं कर रहा हो

(1) अरसिक (2) अलभ्य
(3) अरक्षित (4) अयाचित

**74.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
मोरनी को रिझाने के लिए पुरुष मोर-नृत्य करता है।

(1) मोरनी को
(2) रिझाने के लिए
(3) पुरुष मोर-नृत्य
(4) करता है

**75.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
सूखकर काँटा होना

(1) ईर्ष्या वश सेहत खराब करना
(2) गरीबी के दिन काटना
(3) पेड़ के पत्ते झड़ना
(4) अत्यधिक कमजोर हो जाना

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-
दुनियाभर में खुदखुशी की (1) _____ तेजी से बढ़ रही है, लेकिन औसत में आत्महत्याओं का आंकड़ा (2) _____ है। लोगों में अवसाद (3) _____ बढ़ रहा है जिसके चलते कुछ लोग आत्महत्या जैसे हृदय (4) _____ कदम उठा रहे है। विद्यार्थियों की आत्महत्याओं के आंकड़ो पर नजर डाले तो स्थिति काफी (5) _____ है।

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(1) सौगात (2) बातें
(3) घटनाएँ (4) हालत

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(1) परमात्मा (2) चिंताजनक
(3) कृपालु (4) चिंतामणि

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(1) निरंतर
(2) धीमें
(3) तेज
(4) भयानक

**79.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(1) अपेक्षा (2) हानिकारक
(3) विदारक (4) दर्दनाक

**80.** रिक्त के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(1) चिंताजनक
(2) खुशहाली
(3) मूर्खता
(4) दुखी

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (1) | 2. (3) | 3. (3) | 4. (2) | 5. (2) | 6. (1) | 7. (2) | 8. (2) | 9. (2) | 10. (1) |
| 11. (2) | 12. (1) | 13. (4) | 14. (1) | 15. (3) | 16. (1) | 17. (2) | 18. (2) | 19. (2) | 20. (4) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (2) | 22. (3) | 23. (3) | 24. (4) | 25. (1) | 26. (1) | 27. (3) | 28. (3) | 29. (2) | 30. (4) |
| 31. (3) | 32. (4) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (1) | 36. (1) | 37. (4) | 38. (2) | 39. (2) | 40. (4) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (3) | 42. (3) | 43. (3) | 44. (4) | 45. (3) | 46. (1) | 47. (4) | 48. (2) | 49. (1) | 50. (4) |
| 51. (4) | 52. (3) | 53. (3) | 54. (3) | 55. (2) | 56. (3) | 57. (1) | 58. (1) | 59. (3) | 60. (3) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (3) | 63. (4) | 64. (1) | 65. (2) | 66. (2) | 67. (4) | 68. (3) | 69. (1) | 70. (2) |
| 71. (2) | 72. (2) | 73. (1) | 74. (2) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (3) | 78. (4) | 79. (4) | 80. (1) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (4) | 63. (1) | 64. (2) | 65. (4) | 66. (4) | 67. (2) | 68. (4) | 69. (1) | 70. (3) |
| 71. (1) | 72. (1) | 73. (3) | 74. (3) | 75. (4) | 76. (3) | 77. (2) | 78. (1) | 79. (3) | 80. (1) |

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (1)** × और ÷ को आपस में बदलने पर

I. $5 + 6 \times 2 - 4 \div 1 = 10$

$5 + 6 \div 2 - 4 \times 1 = 10$

$5 + 3 - 4 = 10$

$4 = 10$

II. $9 \times 3 - 4 \div 2 + 5 = 4$

$27 - 2 + 5 = 4$


$30 = 4$

**2. (3)**


**3. (3)**

**4. (2)** 67, 72, 45, 109, –16, **200**

**5. (2)**





**6. (1)**




$P_1$ के ठीक दायीं ओर $P_2$ बैठा है।

**7. (2)**




**8. (2)** E R इसी प्रकार S X

+0↓ +2↓    +0↓ +2↓

E T    S Z

**9. (2)** PAGES — (16 + 1 + 7 + 5 + 19) × 4 = 192

A B O V E — (1 + 2 + 15 + 22 + 5) × 4 = 180

इसी प्रकार

PRIOR — (16 + 18 + 9 + 15 + 18) × 4 = 304

**10. (1)** P — Q, R   Opp.   Q ⇔ M


P — M, T    R ⇔ T

**11. (2)** 451, 472, 493, 514, **535**, 556

(अंतर: 21, 21, 21, 21, 21)

**12. (1)**

**13. (4)**




दीपक के ठीक बाईं ओर प्रिया बैठी है।

**14. (1)** e e **f** f g g h h e e f f g g **h** h

e e f f g g h h e e f f **g g** h h

**15. (3)**

**16. (1)**

**17. (2)**

M Q R T

–3↓ –3↓ –3↓ –3↓

J N O Q

–3↓ –3↓ –3↓ –3↓

G K L N

–3↓ –3↓ –3↓ –3↓

D H I K

–3↓ –3↓ –3↓ –3↓

**A E F H**

**18. (2)**

**19. (2)** L A S T

+4↓ +5↓ +4↓ +5↓

P F W Y

इसी प्रकार

M E A N

+4↓ +5↓ +4↓ +5↓

Q J E S

**20. (4)** B O इसी प्रकार C P

–1↓ –2↓    –1↓ –2↓

A M    B N

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (2)** 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य का समय वित्तीय वर्ष कहलाता हैं।

**22. (3)** भारत में वर्तमान समय में निर्माणाधीन सहित 22 न्युक्लीयर पावर प्लांट है। किन्तु 7 प्रमुख हैं– तारापुर, महाराष्ट्र, रावत भाटा-राजस्थान, नरौरा, उ०प्र०, काकरापार-गुजरात, कैगा-कर्नाटक, कलपक्कम, तमिलनाडु और कुडनकुलम तमिलनाडु आदि।

**23. (3)** भारतीय इतिहास में वैदिक काल में बहुत सारे ग्रन्थों की रचना की गई। वेदों की संख्या 4 बता गई है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद आदि। ऋग्वेद सबसे प्राचीन ग्रन्थ है, जिसका समय लगभग 3500 वर्ष माना जाता है।

**24. (4)** फटोरपा जात्रा गोवा का महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह पूर्व शान्तादुर्गा कुकोलिनकारिन के मन्दिर में मनाया जाता है। यह पर्व दिसंबर और जनवरी के मध्य 5 दिन तक मनाया जाता है।

माण्डू उत्सव गोवा में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। यह भारतीय पारम्परिक प्रथाओं प्रेम तथा रोमांस का संगम है।

**25. (1)** साइखोम मीराबाई चानू का जन्म 9 अगस्त 1994 ई० को मणिपुर में हुआ था। इन्होने 2014 में कामनवेल्थ गेम्स ग्लास्गों में सिल्वर मेडल जीता था। इसी प्रकार-इन्होने ओलंपिक-2020 में सिल्वर मेडल जीता।

**26. (1)**

**27. (3)** राइफल शूटिंग में राइफल या बन्दूक का प्रयोग किया जाता है। राइफल शूटिंग 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर की दूरी से लक्ष्य पर निशाना साधा जाता है।

**28. (3)**

**29. (2)** अनुच्छेद 36 से 51 तक नीति निदेशक तत्वों का वर्णन किया गया है। जिसमें अनुच्छेद 40 पंचायती राज्य व्यवस्था से संबंधित है। किन्तु अनुच्छेद 43 में राज्य ग्रामों में वैयक्तिक या सहकारी आधार पर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा, यह सिद्धांत गांधीवादी है।

**30. (4)** "ओपन बॉर्डर" एक नीति को सन्दर्भित करता है, जहाँ देश के विभिन्न हिस्से में लोग बिना सख्त आव्रजन नियंत्रण या प्रतिबंधों के सीमा पार कर सकते हैं। इससे व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक विनिमय को बढ़ावा मिलता हैं, जिससे लोगों के लिए विभिन्न स्थानों पर यात्रा और वास करना आसान हो जाता है। नेपाल और भारत के साथ 'ओपेन बॉर्डर' संबंध है।

**31. (3)**

**32. (4)** 2023 में कुल जनसंख्या 140 करोड़ है। जिसमें 107 करोड़ जनसंख्या पुरुषों की तथा 93 करोड़ महिलाओं की संख्या है। किन्तु 2011 जनगणना के आधार पर 62.3 करोड़ पुरूष और महिलाओं की संख्या 58.6 करोड़ थी। इस प्रकार भारत का लिंगानुपात 940 है।

**33. (1)**

**34. (3)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 सभी धर्मो का पालन एवं प्रचार करने का अधिकार देता है। अनुच्छेद 26 धार्मिक समुदायों को अपने धर्म का प्रबंधन और पूजा करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। अनुच्छेद 27 धार्मिक उद्देश्यों के लिए सरकारी धन के उपयोग पर रोक लगाता है और अनुच्छेद 28 शिक्षा संस्थानों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है। ये अनुच्छेद व्यक्तिगत और सामूहिक धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा करते हैं।

**35. (1)** 2011-क्रिकेट विश्व कप- भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश

2015-क्रिकेट विश्व कप- ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड

2019-क्रिकेट विश्व कप- इग्लैंड और वेल्स

2023-क्रिकेट विश्व कप- भारत

**36. (1)**

**37. (4)** कुचिपुड़ी - आंध्र प्रदेश

कथक - उत्तर प्रदेश

मोहिनीअट्टम - केरल

कथकली और मोहिनीअट्टम - केरल

**38. (2)**

**39. (2)** क्रिप्स मिशनः- 1942 में ब्रिटिश सरकार द्वारा लाया गया। इसका नेतृत्व स्टैफर्ड क्रिप्स ने किया। इसका उद्देश्य द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद भारत को अधिक स्वायत्तता देने के लिए बातचीत करना था।

**40. (4)**

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (3)** [36 – (48 × 7 ÷ 16) – (19 + 3 – 24)]

⇒ [36 – (21) – (–2)]

⇒ [36 – 21 + 2] = 17

**42. (3)** 555 + 44 × 2 ÷ 11 – 25 × 3

⇒ 555 + 8 – 75

⇒ 488

**43. (3)** $\frac{x}{y} = \frac{7}{2}$

प्रश्नानुसार

$\frac{7x+4y}{7x-4y} = \frac{49+8}{49-8} = 57:41$

**44. (4)** प्रश्नानुसार

$\frac{35000}{125} = \frac{x}{130}$

$x = 36400$

**45. (3)** अनुपात — $R_1 : R_2$

87 : 100

प्रश्नानुसार

$R_2 = 5600 \times \frac{150}{100}$

= 8400

अब,

100 units —— 8400

87 units —— 7308

**46. (1)** छूट प्रतिशत = $x$%

$9600 \times \frac{100-x}{100} = 6336$

$x = 34\%$

**47. (4)** P = 1200

t = 4

a = 1400

SI = 1400 – 1200 = 200

साधारण ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$200 = \frac{1200 \times \text{दर} \times 4}{100}$

दर = 4.17%

**48. (2)** माना संख्या = 100 units

प्रश्नानुसार,

100 units × $\frac{90}{100}$ = 90 units

शेष बची संख्या = 90 units

अब

90 units × $\frac{30}{100}$ = 1188

27 units = 1188

100 units = $\frac{1188}{27} \times 100$

= 4400

**49. (1)** मोहन का क्रय मूल्य = 4000 + 500 = 4500

विक्रय मूल्य = 5000

लाभ प्रतिशत = $\frac{500}{4500} \times 100 =$ 11.11%

**50. (4)** $\frac{9}{4}, \frac{21}{10}, \frac{63}{20}$

ल . स . प. = $\frac{\text{अंश का ल . स . प .}}{\text{हर का म . स . प .}}$

= $\frac{63}{2}$

**51. (4)** माना क्रय मूल्य = 100

अंकित मूल्य = 125

विकल्प की सहायता से

⇒ $125 \times \frac{80}{100} = 100$

**52. (3)** माना छात्रों की संख्या = $x$

प्रश्नानुसार

$x \times 44 = 44x$

**53. (3)** औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$

प्रश्नानुसार

⇒ 28 × 110 = 3080

नया औसत = $\frac{3080+28B}{28}$

⇒ $\frac{3080+28B}{28} = 128$

⇒ 3080 + 28B = 3584

⇒ 28B = 3584 – 3080

⇒ 28B = 504

⇒ B = 18

**54. (3)** $M_1$ — 14 (5)

$M_2$ — 70 (1) 〉 70

$M_1 + M_2 + M_3$ — 7 (10)

$M_3$ की क्षमता = 10 – (5+1) = 4 इकाई

$M_3$ द्वारा लिया गया समय = $\frac{70}{4}$ =17.5 दिन

**55. (2)** गोले का आयतन = $\frac{4}{3}\pi r^3$

शंकु का आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^3 h$

प्रश्नानुसार

$\frac{4}{3}\pi \times 15 \times 15 \times 15$

$= \frac{1}{3}\pi \times \frac{15}{2} \times \frac{15}{2} \times h$

h = 240 सेमी.

**56. (3)** $x = 2$

तब,

$4x,\ x + 4,\ 3x - 1$

8, 6, 5

चतुर्थअनुपात = A

$\Rightarrow \frac{8}{6} = \frac{5}{A}$

A = $\frac{15}{4}$

**57. (1)** दूरी = चाल × समय

$390 + 250 = (78 + 66) \times \frac{5}{18}$ × समय

$640 = 114 \times \frac{5}{18}$ × समय

समय = 16 सेकंड

**58. (1)** P द्वारा 4 दिनों में किया गया कार्य = $\frac{4}{14} = \frac{2}{7}$

**59. (3)** $A = P\left(1 + \frac{R}{n \times 100}\right)^{nt}$

प्रश्नानुसार

$A = 15000\left(1 + \frac{30}{2 \times 100}\right)^{2\times1}$

$= \frac{15000 \times 230 \times 230}{200 \times 200}$

= 19837.5

**60. (3)** प्रश्नानुसार

70, 84 और 112 का म.स.प.=14

प्रत्येक क्यारी की चौड़ाई = $\frac{\text{म.स.प.}}{\text{लंबाई}}$

$= \frac{14}{7} = 2$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (2)** Since we are talking about men in the plural form, the verb should be in the plural form as well, which is **"were"**.

**62. (3)** **Sensational and often reckless reports in the press threaten the fairness of a trial.**
Correct spellings are :
**Threaten**: to pose a danger or risk (धमकी देना).
**Fairness**: impartiality or justice (निष्पक्षता).

**63. (4)** **Disseminate** means to spread or distribute widely (फैलाना), while **"conceal"**, which means to hide or keep something secret (छिपाना).
**Felt**: experienced an emotion (महसूस किया).
**Sparkle**: shine brightly with flashes of light (चमक).
**Gave**: past tense of "give," meaning to offer or provide (दिया).

**64. (1)** "**Birds of a feather**" refers to people who are similar in interests or characteristics (एक जैसे लोग).

**65. (2)** **No improvement**
Here, "would" used to express a future possibility or intention in a conditional context. There is no need for any changes.

**66. (2)** **He was wepping hard and quietly and shaking in the same parts as a wepping woman.**
The correct spelling is **"weeping,"** which means to cry or shed tears (रोना).

**67. (4)** The subject "**Many students**" is plural, so the correct verb form should be "**fail**" instead of "**fails**".
Therefore, the correct phrase would be "Many students fail to understand the complexities of life."

**68. (3)** The idiom **"to put somebody to sword"** means to kill or execute someone, typically in a violent manner (किसी को हत्या करना या उसका वध करना).

**69. (1)** **No improvement**
**Meet him**: is the correct form of the verb "to meet" (to + base form), which follows the verb "plans" (वह उसे हवाई अड्डे पर मिलने की योजना बना रही है).

**70. (2)** The correct form should be **"even more impressive,"** as "more" is used to compare two things (ज्यादा प्रभावशाली) while "most" is used to indicate the highest degree among three or more things.

**71. (2)** **Many**: is the correct choice because "many" refers to a large number of countable items कई
"There are many techniques you can use to cope and overcome it."
**Very**: typically used as an adverb to modify adjectives or adverbs (e.g., "very good," "very quickly") बहुत
**So**: is often used to intensify an adjective or adverb (e.g., "so big," "so quickly") इतना
**Much**: is used for uncountable nouns (e.g., "much water," "much money बहुत

**72. (2)** **"Cognitive"** refers to the mental processes related to knowledge, understanding, and thought (ज्ञानात्मक, समझने से संबंधित), similarly **Perceivable**: means able to be seen, heard, or understood (अनुभव किया जा सकता है), and relates closely to cognitive functions as it involves perception and mental recognition.

**Obscure**: means not clear or hard to understand (अस्पष्ट)

**Latent**: means existing but not yet developed or manifest; hidden (गुप्त)

**Private**: means belonging to or for the use of one particular person or group (निजी)

**73. (1)** **"Delicate"** means something that is fragile, fine, or requiring careful handling (नाजुक, कोमल), while **Crude**: This means rough, unrefined, or lacking finesse (कच्चा अनपढ़)

**Laborious**: This means requiring a lot of effort or work (कठिन)

**Attractive**: This implies something that is pleasing or appealing (आकर्षक)

**Petite**: This means small and attractive (छोटा)

**74. (2)** The correct form should use the infinitive verb "enable" instead of the present participle "**enabling**". Here, **"that enable them"** introduces a relative clause that provides additional information about the **"genes"** to describe them or explain their functions.

**75. (3)** **Abuse**: misuse or mistreatment (दुरुपयोग या बुरा व्यवहार), similarly **Applause**: approval or praise (प्रशंसा या सराहना)

**Fester**: to become worse or more intense (बिगड़ना)

**Flowery**: excessively ornate or elaborate (फुलों की तरह, बहुत सुदंर या अलंकारिक)

**Rebuke**: to express sharp disapproval (अस्वीकृति या डांट)

**76. (1)** "Or" या indicates an alternative between preparing to resist or making concessions.

**may be**: suggests possibility (शायद).

**nor**: used to indicate a negative choice (न तो).

**also**: suggests addition (भी).

**77. (3)** **neither**: emphasizes the inaction and indecision in the approach towards China regarding concessions and resistance. (न तो).

**pretty much**: suggests that they largely or almost did

**not much**: suggests little action was taken

**either**: indicates one of the two choices was chosen

**78. (4)** "concede" means to admit or acknowledge, स्वीकार करना which fits the context of accepting claims.

**ridicule**: to mock (उपेक्षा करना).

**collapse**: to fall down (गिरना).

**offend**: to hurt feelings (नाराज करना).

**79. (4)** "clash" टकराव refers to a conflict, appropriate in the context of potential military confrontation.

**harmony**: peaceful coexistence (सामंजस्य).

**burning out**: losing energy or enthusiasm (उदासी में गिरना).

**contract**: to reduce in size (संकुचन).

**80. (1)** "claims" दावा refers to assertions made by China regarding territorial rights, which fits the context of the passage.

**denial**: refusal to acknowledge (अस्वीकृति).

**morality**: principles of right and wrong (नैतिकता).

**dignify**: to make something seem worthy (गौरव देना).

## PART (D) : हिन्दी

**61. (3)** 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ 'बहुत प्रिय होना है।

**62. (4)** किसी व्यक्ति या सिद्धांत का समर्थन करने वाला' वाक्य को एक शब्द में 'अनुयायी कहते है।

**63. (1)**

**64. (2)** विकल्प (2) में क्षण गलत है - शुद्ध वाक्य होगा-एक 'क्षण' में तुमने सब तबाह कर दिया।

**65. (4)** 'पृथ्वी से निर्मित' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'पार्थिव' होगा।

**66. (4)** 'आकुल' के पर्यायवाची हैं- उद्विग्न, अधीर, विक्षुब्ध, बेचैन, बेसब्र, बेहाल, व्याकुल, आतुर, बेताब, उतावला इत्यादि।

**67. (2)** सही वाक्य होगा- इनका तो जन्मों-जनम का साथ है।

**68. (4)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अर्पण | - | ग्रहण |
| नकली | - | असली |
| सुगम | - | दुर्गम |
| कुलटा | - | सति |

**69. (1)** 'आतुर' शब्द के अन्य पर्याय हैं- इच्छुक, धैर्यहीन, व्यग्र, बेकरार, उतावला इत्यादि।

**70. (3)** रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त विकल्प (3) यानि 'आलमारी' होगा।

**71. (1)** सड़क पर बहुत सुंदर - सुंदर गाड़ियाँ आती-जाती दिखाई दीं।

**72. (1)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| एकाग्र | - | चंचल |
| कठोर | - | कोमल |
| मलिन | - | स्वच्छ (निर्मल) |

**73. (3)** 'जिसका कोई रक्षा नही कर रहा हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अरक्षित' है।

**74. (3)** यहाँ विकल्प (3) में 'पुरुष' शब्द की कोई आवश्यकता नही है। क्योकि मोरनी के सापेक्ष मोर का प्रयोग उपयुक्त है।

**75. (4)** 'सूखकर काँटा होना' मुहावरे का अर्थ है- अत्यधिक कमजोर हो जाना।